# सप्तदश

# बिहार विधान सभा

## पंचम सत्र

## अल्पसूचित प्रश्न

वर्ग-4

बृहस्पतिवार, तिथि $\frac{\text{19 फाल्गुन, 1943 (श०)}}{\text{10 मार्च, 2022 (ई०)}}$

प्रश्नों की कुल संख्या **06**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | नगर विकास एवं आवास विभाग | .. | .. | 01 |
| (2) | कृषि विभाग | .. | .. | 01 |
| (3) | पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग | .. | .. | 02 |
| (4) | खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग | .. | .. | 02 |
| | | | कुल योग -- | 06 |

पशुओं का टीकाकरण

52. श्री विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लु सिंह (क्षेत्र संख्या-231 नवीनगर)--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 26 जून, 2021 के अंक में छपी खबर के शीर्षक "एक एम0 डी0 का टीका गुणवत्ता जाँच में फेल, डेढ़ साल से पशुओं को नहीं लगी वैक्सीन" के आलोक में क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में पशुओं को खुरहा एवं मुहपका बीमारी से बचाने के लिये प्रत्येक वर्ष में दो बार टीका लगाया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2019 के बाद राज्य में पशुओं का टीकाकरण नहीं कराया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो राज्य में पशुओं का टीकाकरण पिछले दो वर्षों में नहीं कराने का क्या औचित्य है ?

--------

राशन कार्ड उपलब्ध कराना

53. श्री शकील अहमद खाँ (क्षेत्र संख्या-64 कदवा)--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के सभी 38 जिलों के डेढ़ लाख राशन कार्डधारियों के राशन कार्ड आधार से लिंक नहीं होने के कारण जनवरी, 2022 से बंदकर दिया गया है, जिसके कारण उक्त राशन कार्डधारियों को जन-वितरण प्रणाली के विक्रेताओं द्वारा राशन नहीं दिया जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त राशन कार्डधारियों को राशन कार्ड देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण कराना

54. श्री संजय सरावगी (क्षेत्र संख्या-83 दरभंगा)--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के शहरों में रहने वाले गरीब आवासहीन परिवारों को आवास मुहैया कराने के लिये बहुमंजिला भवन बनाने का निर्णय दो वर्ष पूर्व लिया गया था, इस हेतु वित्तीय वर्ष 2021-22 में 25 करोड़ का आवंटन भी हुआ था ;

(2) क्या यह बात सही है कि अभीतक दरभंगा, मुजफ्फरपुर, पूर्णियाँ, आरा, बेनीपुर, कटिहार, बेगूसराय, मधुबनी, गया समेत किसी भी शहर में जमीन की अनुपलब्धता के कारण यह योजना धरातल पर नहीं उतर सकी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जमीन की उपलब्धता सुनिश्चित कराकर दरभंगा समेत राज्य के शहरों में आवासहीन गरीब परिवारों को आवास के लिये बहुमंजिला भवन का निर्माण कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) आंशिक स्वीकारात्मक । आत्मनिर्भर बिहार के सात निश्चय-2 के तहत शहर में रह रहे बेघर/भूमिहीन गरीब लोगों को बहुमंजिला भवन बनाकर आवास उपलब्ध कराये जाने का निर्णय है । इसके तहत बिहार राज्य के सभी जिलों में स्लम (शहरी) क्षेत्रों में रह रहे वैसे लोगों को आवास आवंटित करने का प्रस्ताव है, जिनके पास कहीं भी अपनी भूमि अथवा अपना मकान नहीं हो ।

इसके लिये अबतक किसी राशि का आवंटन नहीं किया गया है ।

(2) इस योजना के क्रियान्वयन हेतु प्रत्येक नगर निकाय में 0.5 एकड़ या उससे अधिक सरकारी भूमि का चयन हेतु जिला पदाधिकारी को निदेश दिया गया है । साथ ही शहरी क्षेत्र में भूमि उपलब्ध नहीं होने पर वैकल्पिक भूमि की व्यवस्था की जानी है ।

(3) इस योजना के क्रियान्वयन हेतु नगर निकायों से जमीन के प्रस्ताव प्राप्त हो रहे हैं ।

शीघ्र इस योजना के अन्तर्गत प्राथमिकता निर्धारण के आधार पर आवास निर्माण हेतु कार्रवाई की जायेगी ।

उच्चस्तरीय जाँच कराना

55. <u>श्री ललित कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-82 दरभंगा ग्रामीण)</u>--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 12 दिसम्बर, 2021 को प्रकाशित शीर्षक ''स्कूटर से एक ही दिन में बंगाल पहुँचा दिया 169 क्विंटल धान'' के आलोक में क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला में 6 साल पहले 75 करोड़ रुपये की लागत से 169 क्विंटल धान को स्कूटर से एक ही दिन में पश्चिम बंगाल पहुँचाया गया हैं, जबकि उस स्कूटर गाड़ी का पंजीकरण एक साल बाद हुआ हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार मुजफ्फरपुर जिला सहित राज्य के दरभंगा, समस्तीपुर, मधुबनी एवं पटना सहित राज्य के 38 जिलों में विगत पाँच वर्षों में की गयी धान खरीद की उच्चस्तरीय जाँच कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बीज की आपूर्ति करना

56. <u>श्री अजय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-166 जमालपुर)</u>--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष 2012-13 में एक कृषि रोड मैप बनाया था जिसके तहत राज्य के सभी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा उन्नत किस्म का बीज तैयार कर उसे राष्ट्रीय बीज निगम या बिहार राज्य बीज निगम को आपूर्ति करनी थी परंतु इस लक्ष्य को अबतक इन विश्वविद्यालयों द्वारा पूरा नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो कृषि रोड मैप के तहत राज्य के कृषि विश्वविद्यालय द्वारा कबतक उन्नत किस्म के बीजों की आपूर्ति राष्ट्रीय बीज निगम एवं बिहार राज्य बीज निगम को करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

दुग्ध उत्पादन बढ़ना

57. <u>श्री अरूण शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-33 खजौली)</u>--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 28 नवम्बर, 2021 को प्रकाशित शीर्षक 'पशुओं की संख्या में चौथे तो दुग्ध उत्पादन में नौंवे स्थान पर बिहार' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, पशुपालन एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में दुधारू पशुओं के मामले में बिहार चौथे नम्बर पर वहीं दुग्ध उत्पादन में बिहार देश स्तर पर नौवें नम्बर पर है तथा प्रति गाय प्रतिदिन 4.4 किलो ग्राम तथा भैंस 4.9 किलो ग्राम दुग्ध देती है जबकि देश में प्रति गाय प्रतिदिन औसतन दुग्ध उत्पादन 6.3 किलो ग्राम तथा भैंस प्रतिदिन 5.8 किलो ग्राम दुग्ध देती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य में दुधारू पशुओं के बेहतर प्रबंधन नहीं होने के कारण यहाँ का उत्पादन प्रभावित होता है, जबकि बिहार राज्य में लागत घटाने एवं मुनाफा बढ़ाने की अपार संभावनाएँ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार राज्य को राष्ट्रीय औसत के अनुरूप दुग्ध उत्पादन एवं दुधारू पशुओं की संख्या में वृद्धि के लिये कौन-सा उपाय करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पटना :
दिनांक 10 मार्च, 2022 (ई0) ।

शैलेंद्र सिंह,
सचिव,
बिहार विधान सभा ।

बि0स0मु0, 106(एल0ए0), 2021-22-डी0टी0पी0-550